अध्याय

07

# मेरे बचपन के दिन



© JCERT not to be republished

## महादेवी वर्मा

## जीवन परिचय

**लेखिका परिचय**

जन्म- सन 1907
स्थान- फर्रुखाबाद (उत्तर प्रदेश)
निधन- सन 1987

शिक्षा
आरंभिक शिक्षा- इंदौर
उच्च शिक्षा- M.A. संस्कृत (इलाहाबाद विश्वविद्यालय)
अंग्रेजी, संगीत और चित्रकला की शिक्षा घर पर हुई।

पद्य रचनाएं- निहार, रश्मि, नीरजा, यामा, दीपशिखा।

गद्य रचनाएं- अतीत के चलचित्र,स्मृति की रेखाएं, पथ के साथी, श्रृंखला की कड़ियां।

## साहित्यिक विशेषताएं -

**साहित्यिक विशेषताएं**

हिंदी गद्य साहित्य में संस्मरण एवं रेखाचित्र को बुलंदियों तक पहुंचाने का श्रेय महादेवी जी को है।

महादेवी जी की साहित्य साधना के पीछे जहां एक ओर राष्ट्रीय भावना थी वहीं दूसरी ओर भारतीय समाज में स्त्री जीवन की वास्तविकता का बोध।

उनकी रचनाओं में शोषित, पीड़ित लोगों के प्रति ही नहीं बल्कि पशु पक्षियों के लिए भी आत्मीयता एवं करुणा प्रकट हुई है।

महादेवी वर्मा को 'आधुनिक मीरा' कहा गया है। छायावाद के चार प्रमुख स्तंभों में से एक हैं। उनकी भाषा-शैली सरल एवं स्पष्ट है। उन्होंने गद्य लेखन में आम बोलचाल की भाषा या खड़ी बोली का प्रयोग किया है।

© JCERT not to be republished

## पाठ सारांश: मेरे बचपन के दिन (क्षितिज भाग-9)

मेरे बचपन के दिन में महादेव वर्मा जी ने अपने बचपन के उन दिनों को स्मृति के सहारे लिखा है जब वे विद्यालय में पढ़ रही थीं। इस पाठ में लड़कियों के प्रति सामाजिक रवैये, विद्यालय की सहपाठियों, छात्रावास के जीवन तत्कालीन सौहार्द पूर्ण वातावरण, आपसी प्रेमभाव, स्वतंत्रता आंदोलन के प्रति विद्यार्थियों का दृष्टिकोण, गांधी जी के साथ अपनी मुलाकात तथा कवि सम्मेलनों में अपनी उपलब्धियों का चित्रण किया है और स्वतंत्रता आंदोलन के प्रसंगों का सजीव चित्रण हुआ है।

महादेवी जी प्रस्तुत संस्मरण में बताती हैं कि उनका जन्म परिवार में कई पीढ़ियों लगभग 200 वर्षों के बाद हुआ था उनके दादा ने दुर्गा पूजा करके लड़की मांगी थी इसलिए उनको वह सब कुछ नहीं झेलना पड़ा, जो उस काल में लड़कियों को झेलना पड़ता था।

उस समय जन्म के समय ही लड़कियों को मार देना, लिंग भेद, पढ़ाई से वंचित रखना और समाज की मुख्यधारा से अलग रखना कोई नई बात नहीं थी।

उनके परिवार में उर्दू भाषा की परंपरा थी किंतु उनकी रूचि इसमें नहीं जगी। लेखिका को संस्कृत और हिंदी पढ़ने के लिए उनके माता ने प्रेरित किया।

लेखिका जिस छात्रावास में रहती थी वहां हर कमरे में चार-चार छात्राएं रहती थी। वहां का जीवन जाती-पाती के भेदभाव से दूर आपसी प्रेम से भरा हुआ एक परिवार जैसा था।

उनके कमरे में सुभद्रा कुमारी चौहान भी रहती थी। उनकी कविताओं से प्रभावित होकर महादेवी भी कविताएं लिखने लगी। उन दिनों "स्त्री दर्पण" नामक एक पत्रिका निकलती थी जिसमें लेखिका और सुभद्रा दोनों अपनी अपनी रचनाएं भेजा करते थे और वह छप भी जाती थी।

सन 1917 के आसपास हिंदी के प्रचार का समय था तथा उन दिनों कवि सम्मेलन खूब हुआ करते थे। कवि सम्मेलनों में वह एक शिक्षिका के साथ जाया करती थी। कविता पाठ में अक्सर उन्हें प्रथम पुरस्कार ही मिलता था एक बार उन्होंने पुरस्कार में मिले चांदी के कटोरे को दान स्वरूप गांधी जी को दे दिया।

© JCERT not to be republished

## पाठ सारांश: मेरे बचपन के दिन (क्षितिज भाग-9)

- छात्रावास में विभिन्न स्थानों से आए बच्चों में एकता एवं सहानुभूति की भावना थी।
- उनके घर के पास रहने वाले जवारा के बेगम साहिबा के परिवार से उनके बड़े अच्छे संबंध थे। जातिगत भेदभाव नहीं था। बेगम ने उनके छोटे भाई मनमोहन वर्मा का नामकरण किया था। वही बाद में जम्मू तथा गोरखपुर विश्वविद्यालय के कुलपति बने।
- लेखिका संस्मरण के अंत में वर्तमान स्थिति से दुखी होती हैं और कहती हैं वह सब एक सपना जैसा था और वह सपना आज खो गया। अगर वह सपना सत्य हो जाता तो आज भारत की कथा कुछ और होती।

## शब्दार्थ

- परमधाम - स्वर्ग
- प्रतिष्ठित - सम्मानित
- नक्काशी - बेल-बूटे के काम से युक्त
- फूल- तांबे और रांगे के मेल से बनी एक मिश्र धातु
- निराहार- बिना कुछ खाए पिए
- हिंदी के सर्वश्रेष्ठ, सबसे लोकप्रिय एवं जगत प्रसिद्ध कथाकार
- प्रभाती- सवेरे गाए जाने वाला गीत
- लहरिया- रंग बिरंगी धारियों माली विशेष प्रकार की साड़ी जो सामान्यतः तीज, रक्षाबंधन आदि त्योहारों पर पहनी जाती है।
- वाइस चांसलर- कुलपति

© JCERT not to be republished

# प्रश्न उत्तर

**प्रश्न 1.**

मैं उत्पन्न हुई तो मेरी बड़ी खातिर हुई और मुझे वह सब नहीं सहना पड़ा जो अन्य लड़कियों को सहना पड़ता है। इस कथन के आलोक में आप यह पता लगाएं कि-

**क. उस समय लड़कियों की दशा कैसी थी?**

उत्तर- सन् 1900 के आसपास जब लेखिका का जन्म हुआ था उस समय स्त्रियों की दशा बहुत ही सोचनीय थी कहीं-कहीं लड़कियों को जन्म लेते ही मार दिया जाता था उनके शिक्षा और स्वास्थ्य पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता था। उस समय दहेज प्रथा, बाल विवाह, सती प्रथा आदि सामाजिक कुरीतियां विद्यमान थी जो महिलाओं के लिए काफी घातक सिद्ध हो रही थी।

**ख. लड़कियों के जन्म के संबंध में आज कैसी परिस्थितियां है ?**

उत्तर- लड़कियों के जन्म के संबंध में आज की परिस्थितियों में काफी सुधार आया है इसका एकमात्र कारण नारियों में आई शिक्षा और जागरूकता है। यद्यपि आज भी दहेज प्रथा एवं घरेलू हिंसा से स्त्रियों को प्रताड़ित किया जाता है किंतु पहले की तुलना में आज नारियां सम्मानजनक स्थिति में है।

**प्रश्न-2. लेखिका उर्दू क्यों नहीं सीख पाई ?**

उत्तर- लेखिका की रूचि उर्दू फारसी में नहीं थी जब मौलवी साहब घर में उन्हें पढ़ाने के लिए आया करते थे तो वह चारपाई के नीचे छुपजाया करती थी इस तरह लेखिका उर्दू फारसी नहीं सीख पाई।

**प्रश्न 3. लेखिका ने अपनी मां के व्यक्तित्व की किन विशेषताओं का उल्लेख किया है ?**

उत्तर- लेखिका ने अपनी मां के हिंदी -संस्कृत प्रेम और लेखन गायन के शौक का वर्णन किया है। वह हिंदी और संस्कृत जानती थी इसलिए इन दोनों भाषाओं का प्रभाव महादेवी के ऊपर पड़ा। महादेवी की माता धार्मिक स्वभाव की थी और सवेरे-सवेरे मीरा के भजन और प्रभाती गाया करती थी।

**प्रश्न 4. जवारा के नवाब के साथ अपने पारिवारिक संबंधों को लेखिका ने आज के संदर्भ में स्वपन जैसा क्यों कहा है?**

उतर- जवारा के नवाब के साथ अपने पारिवारिक संबंधों को लेखिका ने आज के संदर्भ में स्वपन जैसा इसलिए कहा है क्योंकि नवाब और लेखिका का परिवार अलग-अलग धर्मों से होकर भी उनमें आत्मीय संबंध थे। भाषा और जाति की कोई दीवार नहीं थी। दोनों परिवार एक दूसरे के त्यौहार और जन्मदिन मिलजुल कर मनाया करते थे।

© JCERT not to be republished

# अति लघुत्तरीय उत्तर

**1. महादेवी वर्मा का जन्म कब हुआ था?**

उत्तर. 1907

**2. महादेवी वर्मा की कौन सी रचना को ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला था?**

उत्तर-यामा.

**3. दीपशिखा किसकी रचना है ?**

उत्तर-महादेवी वर्मा

काव्य-संग्रह 'निहार' और 'रश्मि' किनकी रचना है ?

उत्तर-महादेवी वर्मा.

**4 भारत सरकार ने महादेवी वर्मा को कौन से सम्मान से अलंकृत किया?**

उत्तर-पद्मभूषण .

**5. महादेवी वर्मा की रचना 'अतीत के चलचित्र' साहित्य की किस विधा में लिखी गई है?**

उत्तर- संस्मरण.

**6. 'पथ के साथी' किनकी रचना है?**

उत्तर-महादेवी वर्मा .

**7. 'स्मृति की रेखाएं' साहित्य की कौन सी विधा में लिखी गई है ?**

उत्तर-संस्मरण

**8. 'श्रृंखला की कड़ियां' साहित्य की किस विधा में लिखी गई है ?**

उत्तर- संस्मरण.

**9. छात्रावास में कौन सी लेखिका महादेवी वर्मा की सहपाठी थी ?**

उत्तर-सुभद्रा कुमारी चौहान .

**10. महादेवी वर्मा कवि सम्मेलनों में अक्सर कौन से स्थान पर आतीं थी?**

उत्तर-प्रथम स्थान.

**11. महादेवी वर्मा को पुरस्कार स्वरूप क्या मिला था?**

उत्तर-चांदी की कटोरी .

**12. महादेवी वर्मा ने गांधी जी को दान स्वरूप क्या दिया था?**

उत्तर- पुरस्कार के तौर पर मिली चांदी की कटोरी। वस्तुनिष्ठ प्रश्न

© JCERT not to be republished

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न-उत्तर

**1. महादेवी वर्मा जी का जन्म कौन से सन् में हुआ था?**

१. 1900 २. 1905

३. 1907 ४. 1910

उत्तर: 1907

**2. महादेवी वर्मा जी का जन्म कौन से जिले में हुआ था?**

१. बिहार २. झारखंड

३. उत्तर प्रदेश ४. मध्य प्रदेश

उत्तर: उत्तर प्रदेश

**3. महादेवी वर्मा जी का जन्म कौन से शहर में हुआ था?**

१. अहमदाबाद २. दिल्ली

३. फरीदाबाद ४. फ़र्रुखाबाद

उत्तर: फ़र्रुखाबाद

**4. लेखिका महादेवी वर्मा जी के परिवार में .......... वर्ष/वर्षों तक लड़की का जन्म नहीं हुआ था।**

१. 100 २. 200

३. 250 ४. 300

उत्तर: 200

**5. लेखिका की कुल-देवी .......... थी।**

१. दुर्गा २. सरस्वती

३. लक्ष्मी ४. वैष्णो

उत्तर: दुर्गा

**6. लेखिका को संस्कृत पढ़ाने कौन आए थे?**

१. मौलवी साहब २. पंडित जी

३. दोनों ४. कोई भी नहीं

उत्तर: पंडित जी

**7. 'मिशन स्कूल' लेखिका का पहला स्कूल था?**

१. सही २. गलत

उत्तर: सही

**8. लेखिका की गर्ल्स कॉलेज में कौन से दर्जे में भर्ती हुई?**

१. पहले २. दूसरे

३. तीसरे ४. पांचवें

उत्तर: पांचवें

**9. छात्रावास के हर एक कमरे में कितनी छात्राएं रहती थी?**

१. एक ही २. दो

३. तीन ४. चार

उत्तर: चार

**10. सुभद्रा कुमारी लेखिका से कितने साल सीनियर थी?**

१. दो २. चार

३. पांच ४. दस

उत्तर: दो

**11. 'स्त्री-दर्पण' उस समय की एक:**

१. प्रसिद्ध महिला थी

© JCERT not to be republished

२. गायिका का थी

३. किताब थी

४. पत्रिका थी

उत्तर: पत्रिका थी

**12. लेखिका को कविता क्या पुरस्कार मिला था?**

१. घड़ी  २. मेडल

३. सर्टिफिकेट

४. चांदी का एक कटोरा

उत्तर: चांदी का एक कटोरा

**13. सुभद्रा ने पुरस्कार में मिले चांदी के कटोरे पर क्या मांगा?**

१. हलवा  २. खीर

३. डाल — चावल

४. दूध

उत्तर: खीर

**14. लेखिका का चांदी का कटोरा किस ने ले लिया?**

१. नेहरू जी ने  २. मोदी जी ने

३. इंदिरा गांधी जी ने

४. गांधी जी ने

उत्तर: गांधी जी ने

**15. लेखिका के साथ छात्रावास के कमरे में रहने आई नई लड़की का नाम क्या था?**

१. सुभद्रा  २. पूजा

३. प्रीति  ४. ज़ेबुन्निसा

उत्तर: ज़ेबुन्निसा

**16. 'ज़ेबुन्निसा' कहां की रहने वाली थी?**

१. गोवा  २. इटली

३. U.K.  ४. कोल्हापुर

उत्तर: कोल्हापुर

**17. 'ज़ेबुन्निसा', लेखिका का बहुत सारा काम कर देती थी जिससे लेखिका को कविताएं लिखने के लिए और समय मिल जाता था।**

१. सही  २. गलत

उत्तर: सही

**18. प्रोफेसर मनमोहन वर्मा लेखिका के क्या थे?**

१. दोस्त  २. दुश्मन

३. बहन  ४. भाई

उत्तर: भाई

**19. प्रोफेसर मनमोहन वर्मा आगे चलकर जम्मू यूनिवर्सिटी के .......... रहे।**

१. वाइस चांसलर

२. प्रोफेसर

३. अध्यापक  ४. प्रिंसिपल

उत्तर: वाइस चांसलर

**20. लेखिका के छोटे भाई का नाम 'मनमोहन' किसने रखा था?**

१. लेखिका ने

२. लेखिका की मां ने

३. लेखिका के पिता जी ने

४. लेखिका की ताई साहिबा ने

उत्तर: लेखिका की ताई साहिबा ने

© JCERT not to be republished